Washington State Department of Social & Health Services
ESA Economic Services Administration

अंतरिम सहायता प्रतिपूर्ति प्राधिकरण
Interim Assistance Reimbursement Authorization

मामला संख्या	सामाजिक सुरक्षा संख्या	ग्राहक ID संख्या	टेलीफोन नंबर
गली पता	नगर	राज्य	ZIP कोड
डाक पता	नगर	राज्य	ZIP कोड

राज्य शब्द का अर्थ सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा विभाग (Department of Social and Health Services) है।

इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर करके मैं राज्य को क्या करने के लिए प्राधिकृत कर रहा हूँ?

अगर मैं अनुपूरक सामाजिक आय (Supplemental Security Income - SSI) लाभ पाने का पात्र पाया जाता हूँ, तो मैं यह समझता हूँ कि सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (Social Security Administration -SSA) के आयुक्त (Commissioner) को निम्नलिखित भेजने के लिए प्राधिकृत कर रहा हूँ:

- राज्य को SSI लाभों का मेरा पहला पूर्वप्रभावी (retroactive) भुगतान; या
- अगर संघीय कानून मेरा SSI धन मुझे जारी करने के तरीके को प्रतिबन्धित करता है, तो राज्य को केवल उस प्रतिपूर्तियोग्य (reimbursable) सार्वजनिक सहायता की धनराशि के बराबर धनराशि भेजें जो मैंने राज्य से प्राप्त की।

राज्य को उस प्रतिपूर्तियोग्य सार्वजनिक सहायता के लिए कैसे भुगतान किया जाएगा जो उसने मुझे प्रदान की?

राज्य मेरे पहले पूर्वप्रभावी SSI भुगतान से उस पहले महीने जब से मैं SSI भुगतान के लिए पात्र हूँ, से आरम्भ करते हुए और मेरा SSI भुगतान आरम्भ होने के माह से अन्त करते हुए अवधि के लिए राज्य से मेरे द्वारा प्राप्त धनराखि के बराबर धनराशि काटेगा। अगर राज्य मेरे सार्वजनिक सहायता भुगतान को तुरन्त नहीं रोक सकता है, तो अवधि अगले माह समाप्त हो जाएगी। अगर संघीय कानून कोई अतिरिक्त धनराशि प्राप्त करने के मेरे तरीके को प्रतिबन्धित करता है, तो SSA राज्य को केवल उस धन के बराबर धनराशि भेजेगा जो मैंने राज्य से प्राप्त की। राज्य संघीय डॉलरों द्वारा पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से वित्तपोषित लाभों के लिए कोई धनराशि नहीं काटेगा।

अगर राज्य बहुत अधिक धन प्राप्त करता है, तो क्या होगा?

राज्य एक ऐसे पत्र के साथ मुझे कोई अतिरिक्त धनराशि भेज देगा जिसमें मुझे यह बताया गया होगा कि राज्य ने SSA से भुगतान प्राप्त करने के बाद 10 कार्यदिवसों के भीतर राज्य ने कितनी धनराशि रखी।

अगर SSA पहला भुगतान मुझे भेजता है, तो मुझे क्या करना चाहिए?

मैं चेक पर "payable to the State of Washington" पृष्ठांकित (endorse) कर दूँगा और निम्नलिखित को भेज दूँगा:

STATE OF WASHINGTON
OFFICE OF FINANCIAL RECOVERY (OFR), MAIL STOP 5862
PO BOX 9501
OLYMPIA WA 98507-9501

यह प्राधिकरण कितने समय तक प्रभावी है?

यह प्राधिकरण राज्य और मुझ पर राज्य द्वारा इसके प्राप्त करने की तारीख से एक कैलेन्डर वर्ष तक प्रभावी है। इस प्राधिकरण के वैध प्राधिकरण होने के लिए इस पर राज्य प्रतिनिधि और मुझ द्वारा हस्ताक्षर अवश्य किए जाने चाहिए और तारीख अवश्य डाली जानी चाहिए। SSA इस प्राधिकरण को एक वर्ष के लिए फाइल पर रखेगा।

अगर मैं कोई SSI आवेदनपत्र दाखिल करता हूँ या मैंने पहले ही कोई SSI आवेदनपत्र दाखिल कर दिया है, तो यह प्राधिकरण एक वर्ष से अधिक समय के लिए भी प्रभावी है, जब तक:

- मैं अपना पहला आरम्भिक SSI भुगतान प्राप्त न कर लूँ; या
- मैं समीक्षा के लिए कोई समय पर अनुरोध दाखिल न कर दूँ और प्रशासनिक या न्यायिक समीक्षा का अनुरोध करने के लिए अनुमत अधिकतम अवधि समाप्त न हो जाए; या
- राज्य और मैं इस प्राधिकरण को समाप्त करने पर सहमत न हो जाएं।

यह प्राधिकरण उस स्थिति में मुझ पर बाध्यकारी नहीं है, अगर राज्य SSA को यह सूचित नहीं करता है कि मैंने इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करने की तारीख से 30 कैलेन्डर दिनों के भीतर इस प्राधिकरण पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

क्या यह प्राधिकरण SSI लाभों के लिए रक्षात्मक फाइलिंग के रूप में काम करता है?

हाँ, अगर मैंने पहले से SSI आवेदनपत्र दाखिल नहीं किया है और मेरा SSI के लिए कोई आवेदनपत्र दाखिल करने का इरादा है, तो यह फॉर्म SSA से नोटिस है कि अपनी दाखिल करने की तारीख की रक्षा करने के लिए SSI आवेदनपत्र दाखिल करने के लिए मेरे पास 60 दिन हैं। अगर मेरा आवेदनपत्र मंज़ूर कर दिया जाता है, तो मेरे SSI लाभ उस तारीख से प्रभावी हो सकते हैं, जिस तारीख से मैं इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करता हूँ। अगर मैं 60 दिनों के भीतर SSI लाभों के लिए कोई आवेदनपत्र दाखिल नहीं करता हूँ, तो यह प्राधिकरण SSI के लिए मेरी दाखिल करने की तारीख की रक्षा नहीं करता है।

अगर मैं इस प्राधिकरण और धनवापसी के संबंध में राज्य द्वारा की गई किसी कार्रवाई से असहमत हूँ, तो मेरे पास निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार है।

ग्राहक के हस्ताक्षर	तारीख
DSHS के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर	DSHS द्वारा प्राप्त करने की तारीख